संख्या— 67 / 54—1—11 / 1(5) / 2010

प्रेषक,

योगेश कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त मुख्य विकास अधिकारी,
(जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, कांशीराम नगर, को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

भूमि विकास एवं जल संसाधन अनु0—1 **लखनऊ दिनांक 19 अक्टूबर 2011**

विषय— समेकित वाटरशेड प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर (डब्ल्यू0सी0डी0सी0) की स्थापना के संबंध में ।

महोदय,

सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय , भूमि संसाधन विभाग के अ0शा0प0सं0—जेड—11011 / 17 / 2009 —पीपीसी दिनांक 20.11.2009 में दी गयी व्यवस्था के अनुक्रम में समेकित वाटरशेड प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के संचालन हेतु जिला ग्राम्य विकास अभिकरण स्तर पर वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर की स्थापना की गयी है ।

शासन के संज्ञान में यह आया है कि जिला ग्राम्य विकास अभिकरण स्तर पर गठित वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर (डब्ल्यूसीडीसी) के कार्मिक जनपद स्तर पर भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग के भूमि संरक्षण अधिकारियों को अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे हैं जिसके कारण इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य प्रभावित हो रहा है तथा प्रदेश स्तर पर गठित स्टेट लेविल डाटा सेन्टर (एसएलडीसी) एवं भारत सरकार को भी अपेक्षित सूचनायें उपलब्ध नहीं हो पा रही है ।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिला ग्राम्य अभिकरण स्तर पर गठित वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर (डब्ल्यूसीडीसी) का समस्त स्टाफ मय साज—सज्जा सहित भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग के भूमि संरक्षण अधिकारियों के कार्यालयों में योजना का कार्य सम्पादित करेगें ।

यह आदेश तत्कालिक प्रभाव से लागू होगें ।

भवदीय,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव ।

संख्या–1071 (1)/54–1–11/1(5)/2010 तद्‌दिनांक ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– आयुक्त एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश, 23 सी , गोखले मार्ग, लखनऊ ।
2– अध्यक्ष एवं प्रशासक, रामगंगा कमाण्ड परियोजना, 117/एच–2/ 193 पाण्डुनगर, कानपुर ।
3– समस्त जिलाधिकारी, (जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, काशीराम नगर, को छोड़कर,) उत्तर प्रदेश ।
4– समस्त मण्डलीय उप निदेशक, भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 ।
5– समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी, भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 ।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(संजय कृष्ण)
संयुक्त सचिव।